# 5 Minutes Comedy Drama Script in Hindi | शार्ट कॉमेडी स्क्रिप्ट इन हिंदी

## पूर्वाभास :

हेलो फ्रेंड्स कैसे हो सब, उम्मीद करता हु की सब स्वस्त होंगे तो आज हम आपके लिए अलग सी स्क्रिप्ट लेकर आए है **" 5 Minutes Comedy Drama Script in Hindi | शार्ट कॉमेडी स्क्रिप्ट इन हिंदी "** जी हा यह एक छोटीसी स्क्रिप्ट है जो आप अपनी ग्रुप के ऑडिशन के लिए या फिर छोटासा ड्रामा सीन के लीये यूज कर सकते है | यहा पर ४ अलग अलग कैरिक्टर आपको देखने मिलेंगे " **एक सुंदर लड़की है जिसे लगता है सामने वाला आदमी उसे छेड़ रहा है , सामनेवाला आदमी उसके साथ बाते बनाने मे व्यस्त होता है , एक चाय वाला है जो बीच बीच मे कॉमेडी पंच मारते राहत है और एक सफाई कामगार है जिसका यहा कोई लेना देना नहीं है फिर भी वो यहा है** |"

स्क्रिप्ट छोटीसी है पर कमाल है | **अगर आपका ज्यादा कॉमेंट आया तो यह स्टोरी और भी लंबी करेंगे** | स्क्रिप्ट पढे और इन्जॉय करे| और हा **हमारे सोशल मीडिया को फॉलो करे क्यों की हम वाहापर नए अपडेट देते रहते है** |[ ( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

## पात्र :

**लैला :** एक सुंदर लड़की , **रजनी :** एक आदमी (थोड़ा कॉमेडी character ), **मोंटू :** चायवाला , **गुज्जू :** सफसफ़ाई करनेवाला

## समय:

६ मिनिट्स ३० सेकंद

## Best 5 Minutes Comedy Drama Script in Hindi | फनी कॉमेडी स्क्रिप्ट इन हिंदी

**लैला:** एक्स क्यूज मी ...

**रजनी:** अरे बापरे इतनी सुंदर लड़की रजनी को सामने से लाइन मार रही है(मन हि मन मे)। जी कहिये(आवाज थोड़ा स्मूद करते हुए) ।

**लैला:** क्या है ?

**रजनी:** क्या है ..कुछ भी तो नहीं। आप बोलिये...... वैसे मुझ जैसे हैंडसम लड़के को देखकर लड़किया तो भाव खाती है पर आप कुछ ओर हि हो।

**लैला:** क्या.. मतलब क्या है ...बाते इधर उधर मत घुमाना, कबसे देख रही हु मुझे हि घूरते जा रहे हो। कभी लड़की देखी नहीं क्या ?

**रजनी:** "अरे बापरे कोल्हापुरी तीखा मसाला " इससे दूर रहने मे हि भलाई है(मन हि मन मे)। देखिये ABC. ..XYZ

**लैला:** लैला ..लैला नाम है मेरा।

**रजनी:** देखिये लैला जी..आप जैसा समझ रही हो वैसा बिल्कुल नहीं है, देखिये मै एक सिधासा ल़डका हु; ओर आप बोल रही है की मै आपको घूर घूर के देख रहा था।

**मोंटू:** क्यों रजनी भाई...भाभी जी के लिए भी चाय बनादू क्या , एकदम मसालेदार ..वो भी मलाई मारके।

**लैला:** भाभी!..भाभी किसको बोला रे आ ..तेरी तो।

**रजनी:** ये बेचारे को कुछ पता नहीं है ऐसेही कुछ भी बोलते रहता है , वैसे इसका नाम मोंटू है । इसकी चाय आप एक बार पीकर दखिए अमृत से कम नहीं है।

**मोंटू:** हा भाभीजी एक बार पीकर तो दिखिए।।

**रजनी:** अबे..मैडमजी बोल।।(छोटे आवाज मे समझाते हुए) ये मोंटू भी ना , बोला ना कुछ भी बोलते रहता है । ये ऐसा हि है। पिछले महीने यहापर चाय पिने आया था तब इसे बोला था अगली बार आऊंगा तो भाभी को साथ लेकर हि आऊंगा। इसिलिये बेचारा बोला होगा ,माफ करो उसे।

**लैला:** उसका छोड़ो ... तुम बोलो मुजमे ऐसा क्या देख रहे थे आँखे फाड़ फाड़ के ? अब बोल रहा है या फिर पुलिस को बुलाऊ।

**रजनी:** अरे मैडमजी नहीं नहीं... पुलिस को मत बुलाना । बो दरसल मेरी माँ बहुत बूढ़ी हो गयी है बचपन मे हि पापा चल बसे । एक माँ के लिए अपने बेटे की शादी होना स्वर्गसुख जैसा होता है। हर दिन मुझे शादी के बारे मे पूछती रहती है। कहती है मेरा सुंदर और हैंडसम लड़का किसी लड़की के नसीब मे होगा तो उस कन्या की लाइफ सेट हो जाएगी| आप जैसी सुंदर लड़की देखता हु तो खयालों मे खोने लगता हु |मुजसे गलती हुई तो दिल बडा करके मुजे माफ करना |(झुठे आंसू बहाते हुए)

**मोंटू:** हट साला ।।

**रजनी:** क्या रे...

**मोंटू:** नहीं नहीं ..आपको नहीं, ये कुत्ता हर दिन यहा आता है ब्रेड खाने के लिए। आज सुबह एक तो दिया है पर अब फिर से आगया।

**लैला:** मुझे माफ करना रजनी जी मुझे पता हि नहीं आपके घर मे इतनी बड़ी प्रॉब्लम है। आप हिम्मत मत हरो आपको आपकी किस्मतवाली जरूर मिलेगी और जल्दी मिलेगी । वैसे सोरी मैने कुछ ज्यादा हि किया।

**मोंटू:** चाय के पैसे..

**लैला:** अरे रुकिए .. मै देती हु इनके चाय के पैसे।

**मोंटू:** अरे पर भाभी..सॉरी सॉरी मैडम जी आप ।।

**लैला:** ये लो..बचे हुए रख लेना।

**मोंटू:** मुझे पता था साले तु आज भी उधार पर हि चाय पियेगा।

**लैला:** कुछ कहा क्या आपने?

**रजनी:** नहीं तो.. कुछ भी नहीं वो ऐसा ही बोलते रहता है |आप ध्यान मत देना |

**लैला:** अच्छा तो मै निकलती हु।

**रजनी:** बाय ..संभलकर जाना।

**मोंटू:** क्यो बे ..आज ये तो कल वो ऐसा हर रोज कितने लोगों को चुना लगाएगा ? तुम्हारे चक्कर मे एक दिन मेरा धंदा बंद हो जायेगा, वो तो अच्छा है की भगवान मेरे साथ है इसिलिये कोई ना कोई आकर मेरा पैसा देकर जाता है।

**रजनी:** अब बस भी करो कितनी बार 5 रुपये के लिए सुनाते रहोगे। देखो ये चाय का धंदा कितने दिन चलाओगे मेरी मानो तो हम कुछ बड़ा कर सकते है। बड़ा सा होटल ओपन करेंगे वो भी 5 स्टार के बराबर।

**मोंटू:** अरे वा क्या आइडिया है... और मै वहा बढ़िया बढ़ियासी चाय बनाऊंगा।

**रजनी:** साले तु तो डायबिटिस हो होकर मरेगा।

**मोंटू:** अब क्या हुवा ?

**रजनी:** ये खुद को पूछकर देख। तुझे सोने का बर्तन मिला तो भी तु उसमे चाय बनाने का हि सोचेगा। कुछ अलग सोच मेरे भाई, सबसे अलग। देख अगर तु मुझे 1 लाख रुपये देगा तो कुछ समय बाद वो 1 लाख तो रिटर्न मिलेगा हि पर उसके ऊपर जितना मर्जी हो मांगलेगा ।

**मोंटू:** अब मुज़से पैसा निकलवाने के लिए इतना बड़ा प्लान वा मान लिया तुझे। वैसे इस प्लान मे ऐसा खास क्या है ?

**रजनी:** वेल ऐसा खास कुछ नहीं है पर मेरा एक दोस्त है जो की एक फिल्म बना रहा है उसके लिए 1 लाख रुपये कम गिर रहे है तो सोचा उसे हेल्प करु जैसी हि मूवी हिट हो जाएगी तुम्हारा पैसा और प्रॉफिट रिटर्न। क्या टकले कैसा लगा आइडिया?

(यहापर "गुज्जु " नाम का सफाई कर्मचारी अपना काम कर रहा होता है )

( "गुज्जु " आ कर उसके कान के निचे बजाकर चला जाता है)

अबे ये कौन है और मुझे मारके चला गया ?

**मोंटू:** हा हा हा ।।। अरे उसका नाम "गुज्जु " है इधर सफाई करता है बेचारा।

**रजनी:** वो गुज्जु हो या फिर अज्जू मेरे कान के निचे क्यो मारा ?

**मोंटू:** देखो एक बार मुझे कुछ बोला तो मै सुन सकता हु पर दुसरा कोई कैसे सुनेगा ? एक बता उसे टकले क्यो बोला?

**रजनी:** ओ तेरी ...तो इसिलिये मेरे कान के निचे का हिस्सा गरम हुवा। भैस की टांग. ..अब आने दो मेरे सामने।

(फिर से मारके चला जाता है)

अबे ये तो फिर से मारके चला गया...अब क्या हुवा

**मोंटू:** अरे उसके पास बहुत सरे भैस है और वो अपनी भैसो से बहुत प्यार करता है इसीलिए उनके बारे मे कुछ भी नहीं सुनता।

**रजनी:** कैसे कैसे लोग है ... तेरे पैसे की चक्कर मे एक दिन कुते की मौत मरेगा।

(फिर से मारकर चला जाता है)

इसने फिर से मरा...नहीं चाहिए तेरा पैसा । उसकी चाय हि बना फुकत मे पीला । .....END

[**हमे फॉलो करे** ( [Instagram](), [Facebook](), [Youtube](), [Whatspp Channel]() ) ]

**यह भी पढे:**

**2024 बच्चों के लिए ऑडिशन स्क्रिप्ट |Monologue Script in Hindi For Male**

**Best Audition Script in Hindi | Monologue Script For Male in Hindi**

**Web: www.marathiauditionscript.com**